सत्यमेव जयते

षोडश

बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 20 आषाढ़, 1941 (श०) / 11 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1)	खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	**01**
(2)	नगर विकास एवं आवास विभाग	**02**
	कुल योग --	**03**

कार्रवाई करना

13. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में 9,42,488 राशन कार्ड फर्जी चिह्नित किया गया, जिसमें विभाग द्वारा मात्र 2,12,476 राशन कार्ड ही रद्द किया गया है और शेष फर्जी 7,30,012 राशन कार्डधारियों के नाम पर विभागीय पदाधिकारियों द्वारा खाद्यान्न उठाकर प्रत्येक माह कालाबाजारी किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कालाबाजारी करने वाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरित करना

14. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर स्थित गर्दनीबाग में कचरा डम्प किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कचरा डम्प यार्ड के पास गर्दनीबाग अस्पताल है, जहाँ मरीज कचरा से निकलने वाली गंदगी से और बीमार हो जाते हैं ;.

(3) क्या यह बात सही है क गर्दनीबाग में आवासित माननीय सदस्य, वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ आमजनों को उक्त गंदगी से साँस लेने में भी दिक्कत महसूस हो रही है और उनलोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गर्दनीबाग स्थित कचरा डम्प यार्ड को शहर से दूर अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रैंकिंग में सुधार हेतु

15. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 मार्च, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''स्वच्छता परीक्षा में काफी पीछे रहे बिहार निकाय'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 को नई दिल्ली में किया गया, जिसमें बिहार के किसी शहर को टॉप 100 में जगह नहीं मिली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सर्वेक्षण की वेबसाइट पर जिन 425 शहरों की रैंकिंग जारी किया गया है उसमें से मुंगेर 271, पटना 318, छपरा 424 एवं सहरसा शहर को 425वाँ स्थान दर्शाया गया है, जबकि स्वच्छता के नाम पर बिहार में अरबों खर्च करने के बाद तमाम निकायों का प्रदर्शन खराब रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रैंकिंग में सुधार लाने हेतु कौन-सी कार्य योजना चलाने का विचार रखती है ?

पटना :
दिनांक 11 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 35(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550